# Frequently Asked Questions (FAQ)

Compiled by Swachh-Aas-Pados team during 2021 and 2022 years

परिचय

निवासियों के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

- कूड़ा अलग-अलग एवं निष्पादन से संबंधित - A
- खाद बनाने से संबंधित - B
- निवासी सभा एवं पुरे समुदाय से संबंधित - C
- अभियान कर्त्ता (Campaigner) से संबंधित - D
- कूड़ा-गाड़ी संबंधित - F
- P.M.C. एवं सरकार से संबंधित - G
- TAX संबंधित - H

अभियान कर्त्ता (Campaigner) के सवाल एवं चर्चा - E

----------------------------------------------------------------------

**परिचय**

सुनई कंसल्ट्रेंसी की टीम का लगभग 20,000 से अधिक परिवारों, दुकानदारों एवं स्कूली में नामांकित बच्चों के बीच स्वच्छ आस-पड़ोस अभियान चलाने का अवसर मिला। यह अभियान 2021-2022 के समय लगभग 12 महीने के समय चला। इस अभियान को कुल 15 कार्यकर्त्ता लागू किए। यह स्वच्छ आस-पड़ोस अभियान LSE के द्वारा संचालित 'कम्युनिटी सर्विस एवं शोध के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन' शोध प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

इस स्वच्छ आस-पड़ोस अभियान दल को कई अनुभव प्राप्त हुआ। ये अनुभव अभियान के समय बीच-बीच में प्रशिक्षण का आधार बना। दल के सदस्य इन अनुभवों एवं चर्चा को लिखित रूप में संकलित करते रहे। यह अनुभव कुछ सामान्य अभियान के समय आए।

कुछ सामान्य प्रश्न, इन प्रश्नों का जवाब ढुंढने का प्रयास में चर्चा एवं कहानियों के रूप में है। सम्भव है कि ये अनुभव समुदाय में अभियान चलाने के लिए अभियानकर्त्ता दल के प्रशिक्षण में Practical अनुभवों के उदाहरण या केश स्टडी के रूप में उपयोगी होगा।

इसके साथ ही सामाजिक मुद्दों विशेष रूप से कूड़ा निष्पादन के उपर कार्य करने वाली संस्थाओं एवं कर्मियों के लिए क्षेत्र में कार्य प्रक्रिया तय करने में उपयोगी होगा।

निवासी के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

## कूड़ा अलग-अलग एवं निष्पादन से संबंधित - A

**QA1. लोग बोले कि हमलोगों से अलग-अलग क्यों कराना है। जहाँ डम्प होता है वहाँ अलग-अलग करवाइए।**
**QA2. हम कूड़ा अलग-अलग क्यों दें, ये आप लोगों का काम है आप किजिये।**
**QA3. आप लोग घर से कूड़ा ले के जाइए और खुद से अलग-अलग किजिये।**

**चर्चा**

Mixed कूड़ा को अलग करना गंदा काम है, और खर्चिला और अप्रभावी प्रक्रिया है। कूड़ा अलग देते हैं तो गीला कूड़ा से खाद और सुखा कूड़ा का रिसाईकल हो जाता है।

कूड़ा निष्पादन के नियम में है कि जो व्यक्ति कूड़ा पैदा करते हैं वही व्यक्ति कूड़ा अलग-अलग रखेंगे। अलग-अलग आज नहीं तो कल देना ही होगा। उन्हें समझाएंगे, अगर नहीं मानते तो सरकार फाईन करेगी।

**QA4. गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के लिए मेरे पास समय नहीं है।**

**चर्चा**

गीला कूड़ा और सुखा कड़ा अलग करने में समय नहीं लगता है वो तो खुद ही अलग रहता है, हमलोग ही उसे मिला देते हैं। गीला कूड़ा किचन से ही पैदा होता है, जो कि वहीं अलग रहता है।

इसलिए आपको अलग से समय देने कि जरूरत नहीं है।

परिस्थिति जो हो गीला कूड़ा और सुखा कूड़ा अलग ही होगा, बहाना मत बनाइए। ये हमारे लिए, वातावरण के लिए, जरूरी भी है, और मजबूरी भी है।

**QA5. जो लोग झोपड़पट्टी जैसे घरों में रहते हैं, उनका कहना है, कि हमें रहने का जगह नहीं है, फिर हम दो बाल्टि कहाँ रखेंगे।**
**QA6. एक डस्टबीन के लिए तो घर में जगह नहीं है, घर में दो डस्टबीन कहाँ से रखेंगे। आपलोग कूड़ा-कचड़ा के काम क्यों करते हैं, काम करना है तो कुछ अच्छा काम कीजिए ताकि लोगों को भला हो।**

**चर्चा**

स्थिति चाहे कुछ भी हो, लेकिन गीला कूड़ा एवं सुखा कूड़ा अलग-अलग देने का प्रण लेना है।

यदि आपके पास जगह नहीं है तो, आप एक ही डस्टबिन रखिए जिसमें गीले कूड़े की व्यवस्था हो। और सुखा कूड़ा के लिए कोई थैला या कार्टून का प्रयोग करें।

**QA7. Apartment, आवास में गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए तैयार नहीं है।**

**चर्चा**

* जो लोग इस चीज को पालन कर रहे हैं उनसे मदद ली जाएगी।
* ये हमारी कानूनी वाधिता है, और पर्यावरण संबंधित मजबूरी भी है।

* ऐसे भी, गीला-सुखा कूड़ा अलग-अलग रखना काफी आसान है।
* आप समाज के प्रबुद्ध लोगों में हैं, आपसे सहयोग की बड़ी आशा है।

**QA8. घर में कुछ सदस्य अलग-अलग करते हैं परन्तु कुछ लोग बिल्कुल ही तैयार नहीं हैं। क्या करें ?**

अगर कोई व्यक्ति यह फॉलो नहीं करते, और कूड़ा बाहर फेंकते है तो ऐसा करना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वाले को जुर्माना देना होगा।

**QA9. जब हमलोग बड़े घरों में जाते हैं तो वहाँ के लोंगो का कहना है कि कूड़ा से सम्बंधित कार्य हमारे नौकर लोग करते हैं। इसलिए इसकी जानकारी नौकर को दीजिए। जब नौकर लोंगो से बात किया जाता है, तो उन लोगों का कहना है, कि हमलोग इतने बड़े घरों में कार्य करते है, तो हमलोग इस प्रकार का काम नहीं कर सकते।**

**चर्चा**

इसे फॉलो करना सभी के लिए बराबर है, चाहे वो कानून बनाने वाला हो या कोई अन्य व्यक्ति हो। सभी के लिए बराबर है।

* अगर कोई व्यक्ति यह फॉलो नहीं करते, और कूड़ा बाहर फेंकते है तो ऐसा करना दंडनीय अपराध है।
* ऐसा करने वाले को जुर्माना देना होगा।

**QA10. यहाँ कोई भी व्यक्ति अलग नहीं करेगें, जो लोग कानून बनाता है वे लोग थोड़े ना फॉलो करता है।**

**चर्चा**

थोड़ी सी मेहनत के कारण हमारा कूड़ा मिक्स हो रहा है जो कि किसी उपयोग में नहीं आ रहा। अगर हम थोड़ी सी ध्यान देकर कूड़ा अलग-अलग रखते हैं और अलग-अलग देते हैं तो हमारा कूड़ा भी उपयोग में आ जाता है। सिर्फ यह कानून की बात नहीं है यह अच्छी वातावरण के लिए आवश्यक है।

अगर कोई व्यक्ति यह फॉलो नहीं करते, और कूड़ा बाहर फेंकते है तो ऐसा करना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वाले को जुर्माना देना होगा।

इसे फॉलो करना सभी के लिए बराबर है, चाहे वो कानून बनाने वाला हो या कोई अन्य व्यक्ति हो। सभी के लिए बराबर है।

**QA11. पुरुष का कहना है कि कूड़ा फेकने का काम महिलाओं का है, महिलाओं को बताओ हमें क्यों बता रही हो?**

**चर्चा**

जो कूड़ा पैदा करते हैं उन्ही को कूड़ा निष्पादन करने का जिम्मेवारी है इसमें महिला पुरूष की बात नहीं है। पुरूष भी तो कूड़ा पैदा करते हैं। महिला पुरूष का फर्क इस मामले में, मन से हटाइए। तभी हमारा वातावरण स्वच्छ होगा। और तो और अधिक समय तक आपलोग ही बाहर रहते हैं महिलाए नहीं।

यह भी बताना कि जरूरी नहीं है कि कूड़ा फेंकने का काम सिर्फ महिलाओं का है यह काम स्त्री हो या पुरूष, यह सभी लोंगो का है। जिन घरों में महिला नहीं होती है तो क्या वहाँ पर कूड़ा नहीं होता है, और कूड़ा नहीं फेंकते है। आपलोग को अपना सोच बदलने कि जरूरत है।

**QA12. कूड़ा फेंकने का एक तरीका बाल्टी को 3 Floor से लटका कर नीचे देते हैं, बोलने पर कहते हैं कि हमको देने में ऐसे आसान लगता है।**

<u>चर्चा</u>

* आप दो मंजिले से दे या तीन मंजिले से दें, पर आप गीला कूड़ा-सुखा कूड़ा और खरतनाक कूड़ा अलग-अलग दें।
* अगर आप ऊपर से कूड़ा अलग अलग गाड़ी वाले को दे रहे हैं तो आप नहीं देख रहे हैं कि कूड़ा अलग-अलग गाड़ी में डला रहा हैं कि नहीं, इससे आप मीक्स कूड़ा का भागदारी हो सकते है।
* गीले कूड़ा से खाद बना लिजिऐ गाड़ी का इंतजार ना करना पड़े आपका समय की बचत होगी और सुखा कूड़ा 10 दिन पर भी देगें तो बदबू नहीं देगा।

**QA13. लोग कहते हैं यदि आप कूड़ा 1 रूपये प्रतिकिलो भी खरीदें हैं तो लोग दूसरों का कूड़ा भी बेच देगें। कूड़ा रहेगा ही नहीं।**

<u>चर्चा</u>

* ये सब बेफ्जूल बाते हैं ऐसा कुछ भी नहीं है।

**QA14. वहाँ के एक व्यक्ति ने बोला है कि हम पैसा दे रहे है। दो डस्टबीन आपलोग रख दिजिऐ ये मोहल्ला स्वच्छ हो जाऐगा।**

**QA15. दुकानदारों का कहना है कि गली या रोड़ पर कहीं एक या दो जगह पर बड़ा वाला कूड़ादान या सीमेंटेड कूड़ादान बनवा दिया जाए ताकि लोग अपने कूड़े को उसी में डालें, और कूड़ा गाड़ी वहाँ से कूड़ा ले जाए।**

**QA16. किसी गली रोड़ या मोहल्ले में कोई निश्चित जगह पर दो बड़ा Dustbin रखा जाए ताकि उस जगह के सभी लोग उसी कूड़ेदान में कूड़े को फेकें।**

<u>चर्चा</u>

* आज से 4-5 वर्ष पहले इसी ढंग की व्यवस्था थी। जिस जगह पर बड़ा डस्टबिन रखा गया था वहाँ आस-पास में बहुत गंदगी फैली रहती थी।
* आज की व्यवस्था में कूड़ा को कभी जमीन पर नहीं छोड़ना है।
* बड़ा डस्टबीन उठाने के लिए क्रेन की आवश्कता पड़ती है जो नयी व्यवस्था में नगर निगम के पास उपलब्ध नहीं होनी चाहिए।
* अत: जरूरी है कि हमसब लोग कूड़ा गाड़ी में ही दें।
* कूड़ा अलग-अलग दें।

**QA17. हड़ताल में गाड़ी 4-5 दिनों तक नहीं आती तो क्या करें ?**

<u>चर्चा</u>

अगर वे अपने गीले कूड़े से खाद बनाते है, और सुखे कूड़े को एक-दो हफ्ते आसानी से रख सकते है। सुखे कूड़े से बदबू नहीं आती है। बाकि समय में आप खाद मत बनाइऐ, लेकिन जबतक गाड़ी हड़ताल पर रहती है, तबतक तो बना लिजिए ताकि कूड़े का निष्पादन हो सके।

इससे यह होगा कि गाड़ी अगर हड़ताल पर भी रहेगी तो भी कूड़े का निष्पादन अच्छे से कर पाएगें। कूड़ा अलग-अलग करना हमारे लिए जरूरी भी है, और मजबूरी भी है।

हम सभी लोगों को कूड़ा उठाव कर्मी का सम्मान करते रहना चाहिए, ताकि हड़ताल की नौबत न आये।

दुकानदार के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

**QA18. दुकानदारों का कहना है कि कूड़ा की गाड़ी दुकान खुलने से पहले आती है तो हमलोग अपना कूड़ा किसे दें।**

चर्चा

अपना कूड़ा का निष्पादन सही तरिके से करना होगा खुले में बिल्कुल ही ना फेंके। आप चाहे तो Night में भी कूड़ा गाड़ी में कूड़ा डाल सकते है। ये आपकी ही नहीं मुहल्ले के सारे दुकानदार की समस्या होगी, आपलोग को खुद मिलजुल कर कोई निदान निकाले, आपलोग मिलकर आगे आइएगा तो नगर-निगम आपलोंगो की स्थिति का निदान निकालेगी।

**QA19. दुकानदार लोगों का कहना है कि प्लास्टिक बंद होने के बाद भी प्लास्टिक की बिक्री बहुत तेजी से हो रही है। कचड़े को फेंकने के लिए भी प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा है।**

**QA20. पूरी तरह से प्लास्टिक बंद होना चाहिए।**

चर्चा

- प्लास्टिक बेचना, प्लास्टिक का इस्तेमाल करना एवं प्लास्टिक उत्पादन तीनों कानूनन अपराध है। जो व्यक्ति प्लास्टिक बेच रहा है या जो इस्तेमाल या उत्पादन कर रहा है उन लोगों पर फाईन काटा जाए।
- हम लोग अपना प्रयास जारी रखेगें। ताकि प्लास्टिक का उपयोग खत्म हो जाये।
- चलिये हमलोग सरकार को बोलते हैं कि फाईन मारे और फैक्ट्री बंद करवायें।
- आपके दुकान पर जो भी ग्राहक आते हैं उन्हें थैला लेकर आने के लिए बोलिए।
- प्लास्टिक बंद के समर्थन में एक मुहिम करें और उसमें आप शामिल हों।
- आप अपने दुकान में कपड़ा वाला Carry bag use के लिए दीजिए।

**QA21. ठोंगा बनाने वाले को रोजगार देना चाहिए।**

चर्चा

- हमलोग सहमत हैं। इसे लागू करने या बढ़ावा देने की जिम्मेवारी सरकार एवं नगर-निगम की होनी चाहिए। अगर नगर-निगम ऐसा नहीं करवा पाती है तो हम निवासियों को ऐसा करने के लिए बोलना होगा। तभी तो प्लास्टिक का उपयोग बंद हो पाएगा।
- हमलोगों को निवासियों का समूह बनाकर प्रयास करना होगा।

----------------------------

निवासी के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

## खाद बनाने से संबंधित - B

**QB1. खाद बनाने के लिए बोलें, तो कुछ लोगोंका कहना है कि कूड़ा घर में रखने का चीज नहीं है। हमलोग ऐसा नहीं करना चाहते है।**

चर्चा

बचा हुआ खाद्य सामग्री को उपयोग खाद् में हो जाता है। यानि कि वह कूड़ा रह ही नहीं जाता है। सिर्फ जो कूड़ा घर से निकलता है वह बचा हुआ सुखा कूड़ा ही होता है।

- अगर आप घर में खाद नहीं बनाना चाह रहे हैं तो गीला कूड़ा-सुखा कूड़ा गाड़ी वाले को अलग-अलग दें।

* आपलोग बोल रहे हैं कि कूड़ा घर में रखने चीज नहीं है तो सोचिए कि आपलोग का कूड़ा बाहर जाता है और वहाँ पर कूड़ा का पहाड़ बन जा रहा है। आपलोग बताइऐ वहाँ के लोग कैसे रह रहे हैं!
* आप कूड़ा अलग अलग गाड़ी वाले को दिजिए, ताकि नगर-निगम कूड़ा का पहाड़ नहीं खाद बना ले।

**QB2. (रेन्टर के सवाल एवं चर्चा) जो निवासी किराये के मकान पर रहते है उनका प्रश्न होता है कि हमारे पास जगह नहीं है और मकान मालिक के द्वारा छत पर भी खाद बनाने से मना किया जाता है इसलिए यह कार्य करने में असमर्थ है।**

चर्चा

* कोई बात नहीं आप खाद नहीं बना सकते हैं तो आप गाड़ी में कूड़ा अलग-अलग किजिए क्योकि जहाँ कूड़ा डम्प किया जाता है, वहाँ गीला कूड़ा से खाद बनाया जाता है, और सुखा कूड़ा रिसाईकल किया जाता है।

**QB3. Ward 27 में महिला ने बोला अगर हम खाद बनाते है तो क्या आप खरीदेगें? आप पहले बताइए कि आप खाद कितने रूपये प्रति किलो खरीदिएगा? आप पहले बताइए, तब हम बनाएंगे। हम मेहनत करें, आप खाद नहीं लिजिएगा तो मेहनत भी बेकार जाएगा।**

**QB4. निवासियों का कहना है कि खाद बनाकर क्या करेंगे, यहाँ खेती-बारी थोड़े न है। क्या आप खाद खरीदेगें।**

चर्चा

* हमलोग खाद नहीं खरीद सकते हैं, उठाव जरूर कर सकते हैं कम से कम 25 Kg हो तो।
* आपको अगर खाद बनाने में दिक्कत हो तो आप कूड़ा उठाव गाड़ी को कूड़ा अलग-अलग दिजिये। नगर-निगम खुद खाद बना लेगी।

**QB5. एक परिवार में खाद बनवाने के बाद उनका अनुभव जानने गए, तो वे बोले कि वे लोग जोर दिए, और सरकार के फायदे बताएं तो मैंने खाद्य बना दिया लेकिन आगे अब वहीं समझें।**

**QB6. जाइए हम खाद खुद बनाते है, इससे कुछ होने वाला नहीं है।**

चर्चा

* आपको हमारी ओर से बहुत बहुत धन्यबाद कि आप हमारे बातों को सुने और आप खाद भी बनाते हैं।
* आपको खाद बनाने का अनुभव तो मिल ही गया होगा कि क्या फायदा है या क्या नुकसान है। अब आप ही तय कीजिये कि आगे आपको क्या करना है
* हमारे तरफ से यही कहना है कि आगे भी आप खाद बनाते रहें।

**QB7. मन्दिर में किसी एक व्यक्ति ने कहा कि फूल को खाद बनाने का भी अलग से व्यवस्था होना चाहिए।**

चर्चा

* अगर किसी अन्य स्रोत से सुविधा उपलब्ध नहीं होती है तो मंदिर के खुद के संसाधन से खाद बनाने की मशीन की व्यवस्था कर सकते हैं।

निवासी के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

## निवासी सभा एवं पुर समुदाय से संबंधित - C

**QC1. आपलोग कूड़ा अलग-अलग करने के लिए कितने लोगों को समझाएंगे? कोई नहीं सुधरेगा। बाहर में लोग पान गुटका खाकर इधर-उधर फेंक देते हैं। जहाँ-तहाँ थुक देते हैं। क्या आप उनलोगों को सुधार सकते हैं?**
**QC2. एक व्यक्ति बोले कि हम तो अलग-अलग देंगे, पर अन्य लोग नहीं देंगे। ये बिहार है मैडम, सुधरेगा लेकिन बहुत समय लगेगा!**

**चर्चा**

* आप अपने पिछले 20-25 वर्षों की स्थिति को देखें, और अभी देखें। अनेको लोंगो में कितना सुधार आ गया है। अब घर में दो Dustbin रखने लगे हैं, और कूड़ा अलग-अलग भी देते हैं।
* हमारे प्रयास से आगे भी सुधार होगा।
* हमलोग का काम तो 1 साल का है, आगे भी ऐसे लोग हैं जो इस तरह प्रयास करते रहेंगे और सुधार होता रहेगा।

**QC3. निवासी सभा के बारे में बताने पर पहले का निवासी सभा का उदाहरण देते हुए एवं निवासी सभा का हस्ताक्षित फॉर्मेट दिखाते हुए बताते है कि बहुत पहले किया जा चुका लेकिन कोई भी समाधान नहीं हुआ, निवासी सभा बेकार है।**

**चर्चा**

जो आसान समस्या समस्या होती है वो उसी निवासी सभा में निदान हो जाता हैं। निवासी सभा बहुत से सार्वजनिक समस्याओं का निदान निकलता है। Meeting करने से ये भी फायदा है कि जो मुद्दा है, वो सामने आता है।

हमलोंगो को निवासी सभा का प्रयास करते रहना चाहिए। निवासी सभा होने का एक फायदा तो ये भी है कि सभी लोग आपस में मिलते हैं।

**QC4. जब हमलोग निवासी सभा के लिए बोतले हैं, तो वे लोग बोलते हैं कि क्यों अपना Time पास करें। क्या हमलोंगो को फायदा है? पैसा मिलेगा? हम सब बोले कि हर चीज के लिए सीधा आर्थिक लाभ नहीं खोजा जाता है। तो बोलती है, ये सब की जरूरत नहीं है, हमलोग नाली के कीड़े है। नाली में ही रहेंगे।**
**QC5. जो लोग निवासी सभा के बारे में जानते भी है, उनका भी यही प्रश्न रहता है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं है हमलोग इसे क्यों करें ?**

**चर्चा**

* हरेक काम फायदा के लिए ही किया जाता है और निवासी सभा करने से भी बहुत सारे फायदे हैं। जैसे- एक फायदा है बाहर की गंदगी साफ हो जायेगी।
* निवासी सभा को आसान बनाने के लिए वहाँ के प्रतिष्ठित व्यक्ति की मदद लेनी चाहिए।

निवासी के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

## अभियान कर्त्ता (Campaigner) से संबंधित एवं चर्चा (FAQ) - D

**QD1. यह बहुत अच्छी पहल है, सुधार की बहुत सम्भावना है।**

**चर्चा**

* हम आपकी बात से सहमत हैं। सुधार की तो संभावना है, अगर इसमें आप भी अपना बढ़-चढ़ कर सहयोग करें तो।
* आप भी ऐसा करें और अपने आस-पास के लोंगो को भी ऐसा करने के लिए बोलें।

**QD2. आपलोग से हम बहुत परेशान हैं।**

<u>चर्चा</u>

* गीला-सुखा कूड़ा अलग-अलग रखना ही ठोस कूड़ा निपटारा का निदान है। कूड़ा अलग-अलग रखना कूड़ा उत्पादक की ही मुख्य जिम्मेवारी है।
* ये जिम्मेदारी सिर्फ मेरी या आपकी नहीं है, बल्कि हम सबों की है। अगर आपके पास कूड़ा गाड़ी आ रही है तो अलग देने में क्या परेशानी है।
* अगर आप कूड़ा अलग-अलग नहीं देगें, तो Fine लगेगा। और कूड़ा अलग-अलग करना हमारा या किसी सफाई कर्मी का कार्य नहीं है।

# अभियान कर्त्ता (Campaigner) के सवाल एवं चर्चा (FAQ) - E

**QE1. वहाँ के निवासियों के द्वारा बोला जाता है कि गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के लिए दबाब बनाएगें तो फिर कूड़े को नाले में फेंक देंगे।**

**QE2. ज्यादा बोलिएगा तो छत पर से ही कूड़ा डाल देंगे, नाला में।**

<u>चर्चा</u>

* गली की यह स्थिति, नालों में कूड़ा फेंकने से हुआ है।
* बाहर में कूड़ा फेंकना दण्डनीय अपराध है। ऐसा करने पर आपको सजा भी भुगतना होगा।
* नाला में कूड़ा फेंकने से अनेको हानी हुई, सीधा दिखने वाला नुकसान है। ये नुकसान आपको भी है।
    - नाला जाम हो जायेगा, और
    - नाला का पानी दूसरों के घरों में भी जाएगा।
    - मच्छर और मक्खी का जड़ बनता है।
    - खराब वातारण बनता है।
* इसके लिए आप कूड़ा को अलग-अलग दिजिये और गाड़ी वालों को ही दिजिये, और संभव हो तो गीला कूड़ा से खाद बना लें। ताकि आपका कूड़ा फेंकने की समस्या दूर हो जायगी।

**QE3. लोग हम लोगों को देखकर कहते हैं कि आ गए कूड़ा वाले, हम बोले कि कूड़ा वाले नहीं स्वच्छ आस-पड़ोस अभियान से हैं।**

<u>चर्चा</u>

हमें क्या बोलना है ?

* अगर आपलोग कूड़ा अलग-अलग दिजियेगा तो हमलोग क्यों आऐगे आप के पास और आपलोग को नहीं बोलना पड़ेगा कि आ गई कूड़ा वाली।
* हमलोग कूड़ा वाला नहीं है, हमलोग स्वच्छ आस-पड़ोस पड़ोस के Campaigner है।
* जो कूड़ा देते हैं उन्हें "कूड़ा वाला" बोलना चाहिए।

**QE4. जब हम, लोगों को कहते हैं कि कूड़ा अलग-अलग देना होगा, तो वे लोग बोले कि हम क्यों अलग करें? नहीं करेंगे, जो करना है कर लो। ज्यादा बोलेगी तो झगड़ा हो जाएगा।**

**चर्चा**

कूड़ा अलग-अलग रखना सभी के लिए अनिवार्य है, जो व्यक्ति कूड़ा पैदा करता है उसके निष्पादन की जिम्मेवारी भी उन्हीं की है।

हमलोग यहाँ झगड़ा करने नहीं आएं है बल्कि बताने आए है कि सुखा कूड़ा-गीला कूड़ा अलग-अलग रखने से क्या-क्या फायदे हैं। झगड़ा करने से कोई समाधान नहीं होगा, कूड़ा अलग-अलग देना ही होगा। कृप्या निवेदन है कि झगड़े की बात न करें।

आज कूड़ा अलग-अलग रखना मजबूरी बन गया है और कूड़े का पहाड़ बन चुका है, इसलिए सरकार को विशेष अभियान चलाना पड़ रहा है।

सम्भव है कि आगे चलकर सरकार फाईन लागू कर दे।

**QE5. बोले कि ये बिहार है कभी सुधरने वाला नहीं है। सरकार झूठ-मुठ का आपलोग को परेशान करने के लिए भेज देती हैं।**

**QE6. शिक्षकों का प्रश्न है कि जो कार्य आपलोग कर रहे हैं उससे कुछ फायदा है क्या ?**

**चर्चा**

* आप अपने पिछले 20-25 वर्षों की स्थिति को देखे और अभी देंखे। लोगों में कितना सुधार आ गया है। अब घर में Dustbin रखने लगे हैं।
* और हमारे प्रयास से आगे भी सुधार होगा।
* आगे भी ऐसे लोग हैं जो इस तरह प्रयास करते रहेंगे और सुधार होता रहेगा।

**QE7. बच्चा का सवाल आप बता कर चली गईं, और ऐसा कुछ हो ही नहीं रहा। बच्चों के इस मासूम सवाल का क्या जवाब दिया जाए?**

**चर्चा**

* उन्हें भी ऐसा जबाव दिया जाना चाहिए जैसे बड़े लोगों को देते हैं।
* अचानक से किसी समस्या का समाधान नहीं होगा। बार-बार प्रयास करने की आवश्कता होती है।
* जैसे हम आपसे बातचीत कर रहें हैं वैसे आप भी किसी से कर सकते हैं, अन्य लोग भी बात करेंगे।

**QE8. Apartment में स्वच्छ आस पड़ोस के लिए कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलता है।**

**चर्चा**

* अपार्टमेंट के सचिव से मिलने का प्रयास करना चाहिए।
* आस-पास के लोग जिनसे हमें सहयोग मिला है अपार्टमेंट में बात करने के लिए उनसे बात करनी चाहिए।
* चिट्ठी, लिखित सूचना या लिफ्लेट मुख्य गेट पर स्थित सिक्योरटी गार्ड को देगें। उनसे बोलेंगे कि आप इसे अपार्टमेंट के सचिव को दे दें।

**QE9. कुछ मकान मालिक से नाम पूछने पर गलत जानकारी देते हैं। वे अपने आप को किराएदार बता देते हैं। कुछ तो अपना नाम भी गलत बता देते हैं।**

**चर्चा**

* ऐसा बोलकर आप हमें टाल रहे हैं मुझे ऐसा लग रहा है कि आप सही तरीका नहीं अपनाने के लिए मन बना लिए है।

**QE10. अभियान के दौरान लोग कहते है, तुमलोग का दिमाग खराब हो गया। तुमलोग खुद परेशान हो और हमें भी परेशान करने आ गई हो, जाओं हमें खाद नहीं बनाना है।**

**चर्चा**

लोग परेशान कूड़े से कम अपनी Daily routine से ज्यादा इसलिए हमें उनसे शांति से बात करने की जरूरत है। अभियानकर्त्ता से हमें कहना चाहिए 'कि' वे परेशान न हों खाद बनाने के लिए। बल्कि वे अपने कूड़े को बस थोड़ी सी सावधानी से अलग-अलग रख कूड़ा, कूड़े गाड़ी वाले कर्मी को दें।

नगर-निगम आपकी कूड़े को थोड़े से सहयोग से खाद बनाने में सफल हो पायेगें। हाँ हम परेशान है कूड़े को लेकर लेकिन भविष्य में आपको भी परेशानी हो सकती है इस कूड़े की वजह से।

अगर आपको ऐसा लगता है कि हमारे आने से आपको परेशानी होती है, तब आप कूड़े को अलग-अलग रखें या खाद बनायें तब हम आना बंद कर देगें।

**QE11. मेरा दिमाग खराब मत किजियें हमें जैसा करना है, करने दो।**

**चर्चा**

* अगर आप खाद नहीं बनाना चाहते तो कोई बात नहीं, लेकिन कूड़ा (गीला कूड़ा,सुखा कूड़ा) अलग-अलग दीजिए।
* हमलोग परेशान नहीं कर रहे है। हमलोग का यही काम है, लोगों तक सूचना पहुँचाना, अभियान चलाना कि आखिर में हमारा आस-पड़ोस स्वच्छ हो जाए! इसमें परेशानी की कोई बात नहीं है।
* आपलोग खुद ही परेशान हो रहे है। आप लोग गीला और सुखा कूड़ा अलग-अलग नहीं देते हैं। जब तक अलग-अलग नहीं देंगे, जब तक हमें आना पडेगा!

**QE12. हमलोग गाड़ी के साथ घुम रहे थे, एक महिला मिलाजुला कूड़ा के साथ आई। हम बोले कि कूड़ा अलग-अलग दिजिए। तो वो बोलीं कि हम अलग-अलग नहीं देंगे, तो तुम क्या करोगी? तुम बाल्टी दी हो? हम बोले कि जब बाल्टी आएगा तो क्या हमलोग इसे अपने घर ले जाएगें कि आप ही लोगों को देंगे। इतना पर पूरा लड़ने लगी। मैं बोली कि अभी हमलोग गाड़ी के साथ घुम रही हूँ, अभी कुछ नहीं बोल सकते हैं। गाड़ी के साथ घुमकर आऐंगे तो फिर हम आपके घर पर कम्पेन चलाएगें। वो बोली कि अबकी तो झाड़ू से मारेंगे।**

**QE13. अभियान क्षेत्र के कुछ क्षेत्र में हमलोगों को जाने की अनुमति नहीं है।**

**चर्चा**

एक आवेदन पत्र लिख कर दें, और पम्पलेट दे दिया जाये। कोशिश करें कि वहाँ के बड़े पदाधिकारी कौन है, उनसे अनुरोध किया जाये।

नगर-निगम का मदद लेना चाहिए। किसी अन्य प्रभावकारी की मदद ली जा सके।

**QE14. ऐसा समुदाय जिसमें भी कोई निवासी सहयोग करने के लिए तैयार नहीं है।**

**चर्चा**

ऐसा कोई समुदाय नहीं जिसमें निवासी सहयोग करने के लिए तैयार नहीं होंगे ऐसा एक या दो व्यक्ति होंगे ही जो हमारा सहयोग करेंगे। अगर हम अच्छे से बात करेंगे और क्या काम कर रहे हैं उसे अच्छे से बतायेंगे तो कुछ तो लोग हमारी मदद करेंगे ही।

अगर आप से बात नहीं समझ रहे हैं या नहीं समझा पा रहे हैं तो अपने दल के अन्य सदस्य से मिलवाईए और बात करवाईए। बगल के समुदाय से मदद लिजिए।

निवासी के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

## कूड़ा-गाड़ी संबंधित - F

**QF1. लोंगो ने कहा कि कूड़ा गाड़ी में कूड़ा को अलग-अलग रखने के लिए Partition होना चाहिए।**

**चर्चा**

* अगर आपलोग चाहें तो Partition लग सकता है आपलोग नगर निगम क्षेत्र में निवासी हैं और आप ही के हाथ में है कि आपलोग नगर निगम से बोलकर एवं फॉलो कर Partition लगवा सकते हैं।
* आपलोग कूड़ा अलग-अलग दे रहे हैं यह अच्छी बात है आपलोग गाड़ी में Partition (गाड़ी दो हिस्सा में बटा हो) के लिए हम लोंगो को बोल रहे हैं। हमलोग एक विशेष कार्य के लिए हैं। आपके शिकायत पर हमलोग कार्यवाई नहीं कर सकते हैं।

**QF2. कूड़ा गाड़ी वाला बोलता है कि जब आप आते हैं, तो कूड़ा कोई नहीं देता है, और जब लोग आप लोगों को देख लेते है, तो कूड़ा छुपा लेते हैं।**

**चर्चा**

अगर हम नहीं रहते है तो आप भी लोगों को समझायें कि कूड़ा अलग-अलग दिजिए! इस अभियान में आपलोग भी शामिल हो जाइये। हमलोग अभियान कर्त्ता है। हमलोगों को उन्हें फिर से बताना चाहिए कि कूड़ा अलग-अलग करने से क्या फायदा है, और नुकसान भी, इसके बारे में समझाना चाहिए।

ऐसे लोगों का कम्पलेन सुपरवाईजर से करना चाहिए।

मुख्य रूप से आपके लिए है ताकि आप भी लोगों को बताएं। उनलोगों को कूड़ा अलग-अलग करने में बोझ लगता होगा इसलिए हमलोग को आने पर कूड़ा को छिपा लेते है और बाहर फेंक देते हैं।

**QF3. गाड़ी वाले का कहना है कि Morning वाला मेरा Trip में आप लोग आती है तो गाड़ी खाली चली जाती है। शाम में गाड़ी भर के जाती है।**

**QF4. मैं गाड़ी के साथ घुमी तो मैं देखी कि मेरे सामने "हवा-हवाई कूड़ा-गाड़ी" मिक्स कूड़ा ले रहे थे। मैंने पूछा कि ऐसा क्यों कर रहे हैं, कूड़ा अलग-अलग लिजिये। वे डराकर बोलते हैं कि सुखा कूड़ा का बजन कम होता है, गीला कूड़ा बजन ज्यादा। इसलिए मेरा गाड़ी चल नहीं पाता है, उलटने का डर रहता है।**

चर्चा

* इसका तकनीकी जवाब ढूंढा जाए।

**QF5. कूड़ा गाड़ी वाले हर एक मकान के पास नहीं रूकती है जिसके कारण या तो कूड़ा लेकर दौड़ना पड़ता है या फिर कहीं भी फेंकना पड़ता है।**

चर्चा

* गाड़ी एक व्यवस्थित जगह पर नहीं रूक सकती क्योकि गाड़ी को हर एक जगह पर जाना होता है।
* गाड़ी जब आती है तो पहले से आवाज देती हुई आती है, तो उसकी आवाज सुनते ही आपको पहले से तैयार रहना होगा।
* गाड़ी की रफ्तार इतनी धीमी होती है कि आप उसमें आराम से कूड़ा दे सकते हैं।
* गाड़ी प्रतिदिन लगभग तय समय पर ही आती है।

**QF6. घर वालों का कहना है कि कूड़ा गाड़ी वाले स्टॉफ कहते हैं कि सुबह के पहले खेप में ही सिर्फ अलग-अलग कूड़ा हम लेंगे। दूसरे खेफ में नहीं। क्योंकि जहाँ कूड़ा डम्प होता है वहाँ मना किया गया है।**

**QF7. एक व्यक्ति बोले कि मेरा सिर्फ गीला कूड़ा है, लेकिन गलती से सुखा कूड़ा में डाल दिए। क्योंकि गाड़ी में पता नही चलता कि किसमें गीला डालना है और किसमे सुखा डालना है**

चर्चा

उनके पास जानकारी नहीं था कि गीला कूड़ा क्या है और सुखा कूड़ा क्या है। पर गाड़ी में हरा रंग और सुखा ब्लू रंग का डब्बा बना होता है, यह उन्हें बताएं।

अगर आपको समझ में नहीं आता है तो आप हेल्फर से पूछ सकते हैं कि गीला कूड़ा और सुखा कूड़ा किसमें डालें।

**QF8. निवासियों का कहना है कि गाड़ी समय पर नहीं आता है। और कभी-कभी 4-5 दिनों तक नहीं आता है, बाहर ही फेकेंगे।**

**QF9. कूड़ा गाड़ी समय पर नहीं आती है इसलिए कूड़ा को जहाँ तहाँ फेंकना पड़ता है।**

चर्चा

* तो आप ऐसा कर सकते हैं कि गीले कूड़े से खाद बना लिजिए, और रही बात सुखे कूड़े कि तो उससे बदबू नहीं आती है। आप 5 दिन क्या सुखा कूड़ा 10 दिन भी रखें तो बदबू नहीं देगा।
* अगर आप बाहर कूड़ा फेकतें हैं, तो गंदगी आप के ही पास जा रही है, आस-पास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है।
* आपको लगातार प्रयास करना होगा कि गाड़ी समय पर आये।

**QF10. कूड़ा गाड़ी मेरे अपार्टमेंट के पास नहीं रूकता है तो हम क्या करें ?**

**QF11. वहाँ के लोंगो ने कहां कि टाइम से कूड़ा गाड़ी भेजिये, नहीं तो क्या करेगें! कूड़ेदान में ही फेंकना पड़ेगा। क्योकि गाड़ी वाला 10 बजे आता है।**

**चर्चा**

* गाड़ी एक व्यवस्थित जगह पर नहीं रूक सकती उसे धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहना होता है, क्योकि गाड़ी को हर एक जगह पर जाना होता है।
* निगम सारे निवासियों को यह सेवा प्रदान करती है। यह जो सेवा है वो किसी एक व्यक्ति के लिए सीमित नहीं है।
* अगर सभी व्यक्ति एक ही समय में गाड़ी का माँग करेंगे तो गाड़ी एक ही समय में कहाँ-कहाँ जाएगी।
* कूड़ा बाहर फेकना सक्त मना है, और अगर बाहर फेकना है तो उसके लिए आपसे जुर्माना लिया जाएगा।
* गाड़ी आपके अपार्टमेंट के पास नहीं रूकती है तो आप नगर-निगम के पास शिकायत कर सकते हैं, गाड़ी आपके पास आनी ही चाहिए। पर आपको कूड़ा अलग-अलग ही देना होगा।

**QF12. पतली गली में छोटी गाड़ी (ठेला गाड़ी) आती है जिसमें अलग-अलग कूड़ा रखने की व्यवस्था नहीं है। जो लोग अलग-अलग कूड़ा देते भी हैं उनका कूड़ा मिक्स हो जाता है।**

**चर्चा**

वहाँ के निवासी नगर निगम को लिखित आवेदन दें कि अलग-अलग कूड़े डालने वाली नई बेलकार्ट वाली गाड़ी भेजें। आप सभी लोग निवासी सभा करके सामूहीक रूप से इसका निदान करने का बात-चीत करना होगा।

**QF13. बहुत सकरी गलियों में कूड़ा उठाव गाड़ी नहीं आती है तो हम कूड़ा को कहाँ फेंके।**

**चर्चा**

अपना कूड़ा का निष्पादन सही तरिके से करना होगा खुले में बिल्कुल ही ना फेंके। आप चाहे तो Night में भी कूड़ा गाड़ी में कूड़ा डाल सकते है। ये आपकी ही नहीं पुरे मुहल्ले की समस्या होगी, आपलोग को खुद मिलजुल कर कोई निदान निकाले, आपलोग मिलकर आगे आइएगा तो नगर-निगम आपलोंगो की स्थिति का निदान निकालेगी।

**QF14. गाड़ी में जब गीला कूड़ा एवं सुखा कूड़ा के लिए अलग पार्ट नहीं है तो आपलोग क्यों समझाते है, इतना दिमाग हमलोंगो के पास है कि हम कूड़ा अलग-अलग देंगे। आपको हमें समझाने की जरूरत नहीं है।**

**चर्चा**

* गीला-सुखा कूड़ा अलग-अलग करना हमारी जिम्मेवारी है अगर लगता है कि गाड़ी में पार्टिशन नहीं है तो ये हमारी ही जिम्मेवारी है कि हमें नगर-निगम से बात करनी चाहिए और गाड़ी में पार्टिसन सुनिश्चित करनी चाहिए।
* ये समझ की बात नहीं है, करने वाली बात है।
* अगर आप कूड़ा अलग-अलग करना शुरू कर रहे हैं तो हमलोग भी समझाना बंद कर देंगे।

**QG1. Ward के लोगों को गीला और सूखा कूड़ा को अलग-अलग रखने के लिए दो Dustbin मिलना चाहिए।**

**QG2. 27A पुलिस लाइन के लोगों का कहना है कि कूड़ा को अलग-अलग करने के लिए बाल्टि दीजिए। हमलोग बोले कि इसकी आपुर्ती के लिए हमलोग डोनर खोज रहे है, इसपर तो उनका कहना है कि क्या आप हमलोगों को भिखमंगा समझ रहे हैं ?**

**QG3. बाल्टी दिजियेगा तो हम कूड़ा अलग-अलग देगें।**

चर्चा

* गीला सुखा कूड़ा अलग-अलग रखना लोगों की खुद की ही आवश्यकता है। जैसे कि किसी भी सेवा के लिए हम खुद ही पैसे देते हैं वैसे ही कूड़े के निदान के लिए दो कूड़ेदान के लिए खुद ही पैसे खर्च करने होंगे।
* लोग अगर स्वच्छता की नजरों से देखें तो यह जिम्मेदारी हमारी ही है। अगर कूड़ा अलग-अलग देते हैं तो कूड़े का 90 % हिस्सा उपयोग में आ जाता है।
* लोग चाहें तो अपनी आवश्यकता की पूर्ति कम कीमतों में भी कर सकते हैं। डस्टबीन का मूल्य 30 रू0 से 300 रू0 तक के बीच आता हैं। अगर आप चाहे तो 30 रू0 का भी डस्टबीन लेकर इस्तेमाल कर सकते हैं।
* हम यह भी बोल सकते हैं कि जरूरी थोड़ी ही है कि दो डस्टबीन खरीदना ही है। हम चाहे तो कार्टून बॉक्स में या झोला में सुखा कूड़ा रख सकते हैं और किसी पुराने डब्बें में गीला कूड़ा रख सकते हैं।

**QG4. सूखा कूड़ा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग करने के लिए कोई कर्मी चाहिए, जो कि कूड़ा देते समय कूड़े को अलग-अलग करे और कूड़े गाड़ी में डालें।**

चर्चा

* जब आप अपने घर का कूड़ा छूने में घृणा हो रही है, तो आपका कूड़ा दूसरा ब्यक्ति कैसे अलग-अलग कर सकता है। गीला कूड़ा, सुखा कूड़ा अलग-अलग रखना आसान है। परन्तु मिलाजुला कूड़ा को अलग-अलग छाटना बहुत मुश्किल और यह एक घिन वाला काम है।
* अगर आप कूड़ा अलग-अलग लायेंगे तो आपको किसी कर्मी की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। जब आपको कूड़े की जानकारी हैं तो आप खुद ही अपने कूड़े को अलग रखेगें। गीला कूड़ा, सुखा कूड़ा अलग-अलग रखने की जिम्मेवारी कूड़ा पैदा करने वालों की ही है। क्योंकि ये जिम्मेदारी भी हमारी ही है।

**QG5. सरकारी क्वार्टर में भी लोंगो के द्वारा बाल्टी की माँग है।**

चर्चा

* जब आप खुद एक सरकारी कर्मी होकर बाल्टी का डिमांड कर रहे हैं तो सोचिए आम लोग क्या बोलेगें।
* जब पब्लिक 2 डस्टबीन रखकर कूड़ा अलग-अलग दे रहे हैं, तो आप एक सरकारी कर्मी होकर 2 डस्टबीन नहीं खरीद सकते हैं !!!
* जहाँ पर लोगों को कूड़े दान दी गई है वहाँ भी कुछ लोग वैसा नहीं करते हैं। (गीला कूड़ा, सुखा कूड़ा अलग-अलग नहीं रखना और अलग-अलग नहीं देना। )
* बाल्टी इतनी मंहगी भी नहीं होती है कि इसके लिए हम सरकार पर निर्भर रहे।
* थोड़ी सी असावधानी के कारण हमारा कूड़ा मिक्स हो रहा है, जो कि किसी उपयोग में नहीं आ रहा। अगर हम थोड़ी सा ध्यान देकर कूड़ा अलग-अलग रख पाते हैं और अलग-अलग देते हैं तो हमारा कूड़ा भी उपयोगी हो जाता हैं।

**QG6. कूड़ा उठाने के पहले जो व्यवस्था थी वही सही था। घर-घर आकर कूड़ा ले जाते थे।**

**चर्चा**

* पहले जो सिस्टम था उसमें 120 रू0 महीना देना पड़ता था। इसी कारण घर से कूड़ा ले जाते थे। अब नगर-निगम के द्वारा तय दर 30 रू0 प्रति माह ही है।
* जब आपके घर के ही पास कूड़ा गाड़ी आ रहा है तो आपलोगों को अलग-अलग कूड़ा देने में क्या परेशानी है?
* अभी भी पहले की तरह ही सिस्टम है। बस बदलाव यह हुआ है कि आपके पास घर-घर से कूड़ा आकर उठाता था परन्तु अब बस आपको अपने घर के सामने गाड़ी के पास जाना होता है। गाड़ी भी तो आपके पास ही आकर कूड़ा लेती है।

**QG7. आकाशवानी कॉलोनी Ward 27 B में खाद बनाने के लिए तैयार है, लेकिन पूरे समूह में एक साथ खाद बनाने के लिए सभी प्रकार के उपकरण देने की माँग की जा रही है।**

**चर्चा**

* खाद बनाने के लिए ज्यादा उपकरणों की जरूरत नहीं पड़ती है। आप चाहे तो अपने अपार्टमेंट के निवासियों की बैठक बुलाकर, इस बात को रखकर, एवं पैसे इकट्ठा करके उपकरण खरीद सकते हैं।

**QG8. नगर निगम कर्मी जैसे सफाई कर्मी, कूड़ा उठाने वाले ब्यक्ति एवं जो भी इस काम से जुड़े लोग है उन्हें भी इस अभियान के बारे में जानकारी होनी चाहिए।**

**चर्चा**

* हमने नगर-निगम के कर्मियों के साथ भी अभियान किया है।
* उनका कहना है कि वे भी कूड़ा अलग-अलग रखेंगे।
* हमलोगों की प्रवृति बन गई है कि जब तक कोई टोकते नहीं है हमलोग संतुलित काम नहीं करते हैं।

**QG9. कूड़ा गाड़ी के कर्मी कूड़ा अलग-अलग लेने के लिए लोंगो पर कोई भी दबाव नहीं डालते हैं। जिसके कारण जो लोग अलग-अलग करना भी चाहते हैं वैसा नहीं कर पाते हैं।**

**चर्चा**

* लोंगो को हमलोग यह बोल सकते हैं कि आपको किसी के दबाव की क्यों जरूरत है! आप ऐसा खुद भी तो कर सकते हैं। जब कोई आप पर दबाव देगा तब ही आप ऐसा करेगें?
* अगर सही शब्दों में बोला जाए तो उन्हें टोकना नहीं चाहिए बल्कि फाइन करनी चाहिए।
* लोगों में ये समझदारी एवं आदत होनी चाहिए न, कि बीना किसी के दबाव के ऐसा करें। ताकि आस-पड़ोस में स्वच्छता बनी रहे।
* अगर आप बिना किसी दबाव के कूड़ा अलग-अलग देते हैं तो ही कूड़े का निदान निकल सकता है।

**QG10. कहीं-कहीं तो निवासियों का कहना है। कि आपलोग जब से काम करने आ रहे है, तो कभी-कभी झांड़ु और नाली साफ भी हो रहा है। नहीं तो सफाई कर्मी महीनों तक दिखते भी नहीं थे।**

**चर्चा**

* आप अपने मुहल्ले के प्रति जागरूक हों और निवासी सभा किजिए।
* यदि कोई विलम्ब होती है तो हमलोग गाड़ी वाले ड्राईवर या सुपरवाईजर को फोन करते हैं यदि वे फिर भी नहीं आते हैं। यदि सुपरवाईजर से बात नहीं होती है तो सफाई इस्पेक्टर से बात करते हैं।

* यदि वो लेट भी होते हैं तो हम ड्राईवर से सही से सम्मान के साथ बात करते हैं।
* अगर वे काम नहीं करते हैं तो आपलोग Meeting करके सभी लोग कम्पलेन किजिए उन्हें सही सेवा करने के लिये बोलिए।
* अभियान के समय हमारा अनुभव है कूड़ा गाड़ी के घुमने में हमलोग ध्यान देते हैं कि गाड़ी आ रही है या नहीं आ रही है।

**QG11. जहाँ पर छोटा कूड़ा गाड़ी स्थानीय स्तर पर डंप करता है, वहीं पर निवासी लोग भी फेंकते हैं। उनका कहना है, बड़ा गाड़ी यहाँ से उठाकर ले जाती है। और कहते हैं, हम यहीं पर फेकेंगे। गाड़ी समय पर नहीं आता है।**

चर्चा

* सब लोग गंदगी फैलाएगें तो आप भी फैलाइए क्या ? सब लोग गंदगी में रह रहे हैं तो आप भी गंदगी में रहिए। उल्टे उन्हें ऐसा करने से रोकने का निवेदन करना होगा।
* आपको लगातार प्रयास करना होगा कि कूड़ा गाड़ी समय पर आये।

**QG12. हमारा पैसा है और ये लोग उड़ा रहे है।**

चर्चा

हम आपका पैसा नहीं उड़ा रहे हैं इसका उपयोग सही तरीके से किया जा रहा है, आपको सुविधा दी जा रही है, उसी पैसे से। गीला-कूड़ा सुखा-कूड़ा अलग-अलग रहता है तो कूड़ा भी समुदाय और देश के लिए उपयोगी होता है।

जिस दिन से आपलोग गीला कूड़ा और सुखा कूड़ा अलग-अलग करना शुरू कर देगें। तो आपका पैसा ऐसे ही बच जाएगा। यदि आप अलग-अलग कूड़ा देते हैं तो उसका उपयोग सही तरीके से होगा। और आपका भी पूरा वसूल होगा।

**QG13. नगर निगम के लोग कूड़े को अलग-अलग करने के लिए इतना बेकार में खर्च कर रहे है, और सुबह-सुबह कूड़े को दिखाते रहते हैं।**

चर्चा

* कूड़ा तो पहले ही अलग-अलग रहता है, हमलोग इसे मिला देते हैं और मिलाजुला कूड़ा कूड़ा गाड़ी को देते हैं।
* आप अगर बोल रहे हैं कि हम आपका पैसा उड़ा रहे हैं, तो यह तो गलत विश्लेषण है। आपके ही पैसे से आपको ही और सबों को सुविधा दी जा रही है।
* उस पैसे से सड़क निर्माण, पानी और भी बहुत सी सुविधा दी जा रही है।
* आपके घर के पास कूड़ा गाड़ी आ रही है। तो आप ऐसा कैसे बोल रहे हैं। आपका पैसा आप के ही पास वापस जा रहा है।

**QG14. नगर निगम कुछ करता है नहीं, एक से एक स्कीम निकालता है। परन्तु एक का भी फॉलों नहीं होता है। आप लोग क्या कर सकते हैं। जो काम है आपलोग का बोलना, अपना ड्यूटी किजीए।**

चर्चा

यह स्किम नहीं है यह मजबूरी बन गई क्योंकि बैरिया में कूड़े का पहाड़ बना हुआ है, बाहर गंदगी फैली हुई है। अब यह कूड़ा अलग-अलग करना ही पड़ेगा ताकि कूड़े का इस्तेमाल किया जा सके।

नगर-निगम जो स्किम निकालती है उसका सहयोग निवासियों को भी करना होता है।

अगर आपको ऐसा लगता है कि नगर-निगम के द्वारा निकाली गई स्किम को Follow नहीं किया जा रहा है, तो कहीं न कहीं यह गलती हमसबों की भी है।

उल्टे आपलोग को नगर-निगम को बोलना चाहिए, कि जो लोग कूड़ा निष्पादन सही तरीके से नहीं करते हैं उनपर नगर-निगम Fine करें।

**QG15. नगर-निगम को कोई काम-धाम नहीं है, सुबह-सुबह दिमाग खराब करने आ जाता हैं।**

**चर्चा**

* हमारी तो जो Duty है वो हम तो कर ही रहे हैं, पर अलग-अलग कूड़ा गाड़ी में ही दें। ये Duty सभी लोगों का है। लोग कूड़ा इधर-उधर न फेंके। और अलग-अलग कूड़ा गाड़ी में ही दें।
* अगर कूड़ा इधर-उधर फेकेगें तो जुर्माना भी लग सकता है।

**QG16. सरकार को तो अपना बडाई लुटना है, इलेक्सन के समय नेता लोग हाथ जोड़ते हैं, और फिर भूल जाते हैं, सो जाते हैं। जाओ तुम्हारा काम है, करते रहो।**

**चर्चा**

* हमलोग का संबंध इलेक्सन से नहीं हैं। हम सबों का बस यही लक्ष्य है कि हमारा आस-पड़ोस स्वच्छ हो। मेरा काम है घर-घर अभियान चलाना जो मैं कर रही हूँ।
* क्या आप नहीं चाहते हैं कि आपका आस-पड़ोस स्वच्छ हो। क्योकि जहाँ आप रह रहे हैं वहाँ सरकार या आपके द्वारा चुने गए नेता थोड़ी रहने आ रही है।

**QG17. नगर निगम फाईन क्यों नहीं करती है**

**चर्चा**

* ऐसा प्रतीत होता है कि अगर फाईन लेंगे तो लोग अच्छी सेवा की माँग करेंगे।
* नगर-निगम सेवा में कमी है इसलिए फाईन नहीं कर पाती है।

निवासी के सवाल एवं चर्चा (FAQ)

## TAX संबंधित- H

**QH1. निवासियों का कहना है कि अलग-अलग क्यों करें जब हम नगर-निगम को Tax देते ही है, यादि खाद बनाते है तो हमारा Tax माफ हो जाएगा क्या?**

**चर्चा**

पहली बात कि आप महीने का कूड़ा निष्पादन में कितना Tax देते हैं, रू0 30 जबकि एक परिवार पर लगभग 200-300 रू0 प्रतिमाह तक खर्च हो जाता है। ठीक है जहाँ तक आपका कहना है, कि आप खाद नहीं बनाना चाहते तो कम से कम गीला कूड़ा-सुखा कूड़ा अलग-अलग करना अत्यंत आवश्यक है।

**QH2. निवासियों के घर जाने पर कुछ लोग सोचते है कि नगर निगम के तरफ से आए है और हो सकता है Tax बढ़ा दें। इसलिए निवासी बात करने से घबराते है।**

**चर्चा**

उनको आश्वासन देगें कि हमलोंगो को Tax से कोई लेना देना नहीं है। हम आपको कुछ जरूरी बात बताने के लिए आऐ हैं। कूड़ा का सही तरीके से निष्पादन करना।

हमलोग आपके घर के बारे में आपके परिवार के बारे में कोई सूचना नहीं ले रहे हैं जिससे Tax का कुछ मतलब हो। देखिए आपके परिवार के बारे में कोई सूचना नहीं ली हूँ।

**QH3. Ward 26 में कुछ लोग गीला कूड़ा जानवर को देते है सूखा कूड़ा गाड़ी वाले को देते है, तो उनका कहना है कि नगर निगम हमसे Tax आधा ले क्योंकि हम केवल सूखा कूड़ा ही तो देते है।**

**चर्चा**

* जो कूड़ा पैदा करते हैं अलग-अलग रखना उन्ही की जिम्मेवारी है। ये हमारा पर्यावरण के प्रति सबसे प्रमुख जिम्मेवारी है।
* अगर आप कूड़ा अलग-अलग देती है तो अभी आपका Tax कुछ माफ भी जो जाए लेकिन तो क्या आप सिर्फ ये काम टैक्स के लिए करेगें। ये सही नहीं ये आपकी हम सबों जिम्मेवारी है।

**QH4. एक साथ 4-5 टीम है, सरकार इसी में पैसा खत्म कर देता है, और हम लोग से Tax लेता है।**

**चर्चा**

* सबसे पहली बात कि आपसे Tax के रूप में कितनी राशि वसुल की जाती है। प्रतिदिन के हिसाब से 1 रू0 ही तो लिया जाता है, बदले में उससे बहुत सी सुविधाएँ दी जाती हैं, जैसे आपके घर के आगे गाड़ी आकर कूड़ा ले जाती है।
* सभी लोगों को गीला-कूड़ा, सुखा-कूड़ा अलग-अलग करना ही है। लोग ऐसा करते नहीं हैं, तो सरकार को इसके लिए अधिक प्रयास करना पड़ रहा है।
* हम सब लोगों को कूड़ा अलग-अलग करना ही होगा। क्योकि इससे वातावरण प्रदूषित हो रही है। ये हम सब लोगों की मजबूरी है, कि कूड़ा अलग-अलग करना ही होगा।

# कार्य अनुभव - अभियान कर्त्ता

**प्रोजेक्ट का नाम:** कम्युनिटी सर्विस एवं शोध - ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (स्वच्छ आस - पड़ोस)

**प्रोजेक्ट में मेरा कार्य एवं पदवी :** स्वच्छ स्वच्छ आस-पड़ोस अभियानकर्त्ता

**कार्य-अवधि:** नवम्बर 2021 से अक्टूबर 2022

**प्रोजेक्ट का परिचय एवं उद्देश्य:** पटना शहर के 3 वार्डो में (4, 26, और 27) प्रत्येक घर, परिवार, मकान, संस्था तथा अपार्टमेन्ट में स्वच्छता हेतु सघन अभियान। इस अभियान का नाम स्वच्छ आस-पड़ोस अभियान है।

इस अभियान का उद्देश्य निम्नलिखित है।

I. सभी कूड़ा उत्पादनकर्ता (परिवार या व्यवसाय) गिला-कूड़ा एवं सुखा-कूड़ा अलग-अलग रखें और अलग-अलग दें।
II. ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरों में खाद बनाएं।
III. समुदाय के लोग आपस में सहयोग करें एवं निवासी सभा करें।
IV. इस अभियान में बच्चे भी शामिल हों।

**कार्यानुभव 1:** प्रशिक्षण : दस दिनों का प्रारंम्भिक प्रशिक्षण एवं प्रतिमाह दो से तीन दिनों की खुली चर्चा रुपी प्रशिक्षण। प्रशिक्षण का विषय निम्न था:-

I. समुदाय के विभिन्न घटकों से चर्चा। (अपनी बात विचार को रखना तथा उनकी बातों को सुनना)।
II. समूह में स्वच्छ आस - पड़ोस के लिए प्रक्रिया को प्रदर्शित करना।
III. परिवार को खाद बनाने के लिए प्रशिक्षण देना।
IV. कार्य योजना तथा सुक्ष्म योजना निर्माण।
V. सर्वेक्षण कैसे करें।
VI. रिपोर्ट तैयार करने में सॉफ्टवेयर का प्रयोग।
VII. बच्चों को स्वच्छ आस पड़ोस पर प्रोजेक्ट कार्य करने के लिए शिक्षा देना।
VIII. बच्चों द्वारा किए गए प्रोजेक्ट पुस्तिका का मुल्यांकन।
IX. ठोस कूड़ा प्रबंधन के स्थानीय पहलू जैसे:- गीला कूड़ा से घर मे खाद बनाना।
X. सुखा कूड़ा, गीला कूड़ा, घरेलु खतरनाक कूड़ा, ई वेस्ट कूड़ा, मेडिकल कूड़ा तथा इनट कूड़ा की समझ।
XI. सुखा कूड़ा स पुन: उपयोग या रिसाईकल योग्य वस्तु को अलग करना।
XII. रैग पीकर के साथ काम करना।
XIII. नगर निगम कर्मियों के साथ समन्वय जैसे सफाई अभियान में सहयोग, स्वच्छ आस पडोस अभियान में शामिल करना।
XIV. निवासी-सभा में भागिदारी।

**कार्यानुभव 2:** मैंने प्रयास किया कि मेरे कार्य क्षेत्र में कोई भी परिवार, मकान तथा मुहल्ला नहीं छुटे, इसके लिए मैंने गहन सुक्ष्म योजना तैयार किया।

मैंने अपने क्षेत्र का नक्शा गुगल मैप की सहायता से रोड अनुसार तैयार किया, जिसके उपर हर एक गली को दिखाया गया।

मैंने प्रत्येक सेक्टर को 200 घरों के पॉकेट में बांटा।

मैंने पॉकेट अनुसार कार्य किया। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी मकान या मोहल्ला अछुता नहीं रह जाए।

**कार्यानुभव 3:** कार्य के समय क्षेत्र में निवास कर रहे विभिन्न वर्गों के लोगों के साथ समन्वयन करने का अवसर मिला, जिसे मैंने अपने दल के साथ अच्छी ढंग से किया। वे समुह हैं:- व्यवसायी, समाज सेवी, जज, पुलिस पदाधिकारी, स्लम बस्ती के लोग, जन प्रतिनिधि तथा नगर निगमकर्मी, अपार्टमेंट के सचिव, तथा स्कुल के प्रधानाध्यापक एवं अन्य।

**कार्यानुभव 4:** अभियान -

I. 2000 परिवार, मकान, दुकान, अपार्टमेंट तथा संस्था (स्वच्छ आस पड़ोस) के बीच अभियान किया।

II. 100 से अधिक समुदाय अधारित स्वच्छ आस पडोस अभियान किया। आस पडोस अभियान के निम्न प्रकार थे -
   - निवासी सभा
   - सार्वजनिक स्तर पर बैनर बभियान
   - समुदायिक स्वच्छता अभियान
   - समुह में खाद बनाने के प्रशिक्षण

III. कूड़ा गाडी के साथ अभियान, जिसके माध्यम से लोगों को बताना कि गीला-कूड़ा सुखा-कूड़ा अलग-अलग रखना ज्यादा आसान है। 4 सेक्टर में कूड़ा गाडी के साथ लगभग 2000 मकानों में 2-3 बार से अधिक भ्रमण किए। मेरे और मेरे दल के प्रयास से जहां पहले केवल 5% लोग अलग-अलग कूड़ा देते थे वहां अभियान के बाद लगभग 80% लोग देने लगे।

मैंने स्वच्छ आस पड़ोस अभियान के लिए कई टूल्स का प्रयोग किया जो कि निम्न हैं:-

(1) सभी परिवार के लिए 5 पेज का लिफ्लेट
(2) गीला कूड़ा से खाद बनाने का डेमोकिट
(3) निवासी सभा एजेंडा फार्म
(4) बच्चों के स्वच्छ आस-पड़ोस शिक्षा के लिए 15 पेज का जानकारी फ्लिप चार्ट
(5) बच्चों के प्रोजेक्ट कार्य का उत्तर पुस्तिका
(6) समुदाय में स्वच्छता अभियान बैनर
(7) परिवार एवं मकान में अभियान का 20 मिनट का क्रियाकलाप
(8) नगर निगम कर्मियों का स्वच्छ आस-पडोस तथा 05 पेज लिफ्लेट के ऊपर ओरिमेंटेशन किया?

**कार्यानुभव 5:** सभी इच्छुक परिवार को खाद बनाने की विधि का प्रशिक्षण दिए। दल के प्रयास से लगभग 200 परिवार खाद बनाना प्रारंभ किए। यह मेरे लिए बहुत बडी उपलब्धि है। गृहणी बच्चे, बुढे, महिला, पुरूष अन्य सभी लोग इसमें शामिल हुए।

**कार्यानुभव 6:** स्वच्छ आस पडोस अभियान तभी सम्भव है जब बच्चे भी शामिल हों, इसके लिए मैंने बच्चों को आसान प्रोजेक्ट कार्य दिए। बच्चों को शामिल करने के लिए स्कूल कार्यक्रम किया, एवं कक्षा में आधे घंटे की शिक्षा दिए।

- पहला महत्वपूर्ण स्टेप:- विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कार्यक्रम के बारे में बताना और उनसे सहयोग प्राप्त करने की सहमति लेना।
- दूसरा महत्वपूर्ण स्टेप:- 30-40 बच्चों के समूह में बच्चों को स्वच्छ आस-पडोस प्रोजेक्ट कार्य के ऊपर शिक्षित करना। यह कक्षा 30 मिनट की होती है।
- मैंने यह कार्यक्रम 28 स्कूलों में किया। इसमें लगभग 4000 बच्चे शामिल हुए।
- बच्चों के प्रोजेक्ट पुस्तिका का मुल्यांकन किया।

**कार्यानुभव 7:** मैने अपने कार्य का उचित दस्तावेज तैयार किया, जिसमें फोटोग्राफ, समुदाय में समान्य रूप से पूछे जाने प्रश्न, (FAQ) उस पर मेरा विचार एवं चर्चा, सीखे जाने योग्य घटनाओ का कहानी के रूप में लिखना इत्यादि। इसके साथ सभी कार्य को डाटा के रूप संग्रहित किया।

**दल (Team):** मेरे कार्य क्षेत्र में नियोजित 15 साथी कर्मियों के साथ मैंने काम किया।

**धन्यवाद**